**पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक)**: (क) और (ख). सूचना एकत्रित की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जायेगी।

**भारतीय पर्यटन विकास निगम द्वारा चलाये जा रहे होटलों के मजदूरों के क्वार्टर**

**3743. श्री कृष्ण कुमार गोयल :**
**श्री कचरू लाल हेमराज जैन:**

क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय पर्यटन विकास निगम वर्ष भर अपने होटलों की मरम्मत करवाता रहता है ;

(ख) क्या भारतीय पर्यटन विकास निगम द्वारा चलाये जा रहे होटलों के मजदूरों के क्वार्टर आज तक न तो साफ ही किये गये, न उनकी पुताई और मरम्मत की गई और न ही उन का नवीकरण किया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में तथ्य क्या हैं ?

**पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक)** : (क) भारत पर्यटन विकास निगम सुनियोजित संधारण कार्यक्रम के भाग के रूप में, तथा विशेष आवश्यकता पड़ने पर, अपने होटलों में समय समय पर मरम्मत कार्य करता है।

(ख) और (ग). भारत पर्यटन विकास निगम के होटलों में स्टाफ क्वार्टरों को समय-समय पर किये गये सुनियोजित संधारण कार्यक्रमों द्वारा अच्छी हालत में रखा जाता है।

**बिड़ला परिवार को दिए गए आयात व निर्यात लाइसेंस**

**3745. श्री हुकम देव नारायण यादव :** क्या वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1962 से 1976 तक बिड़ला परिवार को कितने तथा कितने मूल्य के आयात व निर्यात लाइसेंस दिये गये और किन किन वस्तुओं के लिये दिये गये ?

**वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री (श्री मोहन धारिया)** : आयात लाइसेंसों के कंपनी/फर्मवार आंकड़े नहीं रखे जाते हैं। तथापि, जारी किये गये सभी निर्यात लाइसेंसों के विवरण "वीकली बुलेटिन आफ इंडस्ट्रियल लाइसेसज, इम्पोर्ट लाइसेंसेज एंड एक्सपोर्ट लाइसेंसेज" में प्रकाशित किये जाते हैं। इस बुलेटिन की एक प्रति संसद पुस्तकालय को नियमित रूप से उपलब्ध करायी जाती है।

**आयात व्यापार नियंत्रण संगठन द्वारा जारी किये आयात और निर्यात लाइसेंस**

**3746. श्री नवाब सिंह चौहान :** क्या वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मन्त्री यह बताते की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आयात व्यापार नियन्त्रण संगठन ने पिछले सदन के सदस्यों को कुछ वस्तुओं के आयात और निर्यात के कुछ लाइसेंस जारी किये थे; और